Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 02-08-2005

Participants : Manjhi Shri Rajesh Kumar

an>

Title: Need to withdraw the move to merge Army Service Core (North) at Gaya with Southern Army Service Core at Bangalore. – Laid.

श्री राजेश कुमार मांझी (गया) : अध्यक्ष महोदय, भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय ने बांग्लादेश युद्ध के बाद भारत के पूर्व के बॉर्डर को ध्यान में रखकर मेरे संसदीय क्षेत्र गया में सेना सेवा कोर (उत्तरी) की स्थापना, सन 1976 में की थी। अब इसका विलय, सेना सेवा कोर (दक्षिणी) बंगलौर में किया जा रहा है, जो कि पूरी तरह गलत है। इसका बहुत ही सामरिक महत्व है। बांग्लादेश युद्ध के समय ही गया में एक एयरफील्ड भी बनाया गया था। इसी से इसकी सामरिक महत्ता को समझा जा सकता हे।

गया चारों तरफ से देश के सभी कोनों से रेल, एयर और सड़क से जुड़ा हुआ है। गया एक अंतर्राट्रीय हवाई अड्डा भी है। गया, ग्रैंड कॉर्ड रेलवे लाइन से भी जुड़ा हुआ है। गया से ही जी.टी. रोड भी गुजरती है।

उपरोक्त बिन्दुओं के आलोक में मैं सरकार से मांग करता हूं कि सेना सेवा कोर (उत्तरी) , गया का विलय, सेना सेवा कोर (दक्षिणी) , बंगलौर में नहीं किया जाये। इसको स्वतंत्र रूप से वहीं पर रहने दिया जाये।